<u>सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, भोपाल</u>

<u>मदर टेरेसा जन्मोत्सव</u>

शांति एवं मानवता को अपना धर्म मानकर इसी विषय पर “नोबल पुरस्कार “ प्राप्त करने वाली महान नारी मदर टेरेसा का जन्मोत्सव सेंट मोंटफोर्ट स्कूल में स्पेशल असेम्बली के रूप में मनाया गया | मदर टेरेसा का जीवन परिचय तथा उनसे जुड़ी बातें कक्षा सातवीं सी, डी, ई के छात्र-छात्राओं ने बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत की |लघु -नाटिका के द्वारा उनके द्वारा किए गए समाज सेवा तथा मानव उत्थान के कार्य दिखाए गए | समाज सेवा तथा स्त्री शिक्षा पर बल देते हुए उनके सराहनीय कार्यों के कारण उन्होनें कई सामाजिक संस्थाओ के साथ कार्य किया “मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है ” इस बात को ध्यान में रखकर अस्पताल में असाध्य रोगों से पीड़ित लोगों की सेवा में अपना समय बिताया तथा अपने साथ इस मिशन में कई लोगों को जोड़ा |

इस प्रकार सेवा में अपना समय बिताने वाली मदर टेरेसा को कई पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया तथा भारत सरकार द्वारा 1980 में “भारत -रत्न ” की मानक उपाधि से सम्मानित किया गया |

मदर टेरेसा के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए छात्राओं ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी तथा अन्तिम चरण में कक्षा सातवीं “सी” के छात्र -छात्राओं के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया | ब्रदर मोनाचन ने असेंबली में भाग लेने वाले सभी छात्र -छात्राओं को बधाई दी एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को मदर टेरेसा के आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया |